प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 18.09.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 18.09.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को किया गया जागरूक...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में *महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा* सम्मान हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज दिनांक- 18.09.2025 को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी क्रम में जनपद के अन्य थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पम्पलेट वितरित कर हेल्पलाइन नम्बरों का प्रचार-प्रसार किया गया। जिसमें क्रमशः

**थाना कोतवाली नगर महोबा** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**थाना कबरई –** कस्बा कबरई में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में
**थाना खन्ना-** विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**थाना चरखारी –** कस्बा चरखारी में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में
**थाना खरेला** – कस्बा खरेला के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में
**थाना श्रीनगर** – राजकीय इण्टर कॉलेज श्रीनगर में
**थाना पनवाड़ी –** थाना पनवाड़ी के कस्बा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में
**थाना महोबकंठ –** कस्बा महोबकंठ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में

इस दौरान महिलाओं बालिकाओं से वार्ता कर परस्पर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें उनके अधिकारों से संबंधित प्रमुख कानूनी प्रावधानों, *गुड टच-बैड टच*, *साइबर अपराध* से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:-**

**112 –** पुलिस आपातकालीन सेवा, **1076 –** मा० मुख्यमंत्री हेल्प लाइन
**1090** – विमेन पावर हेल्पलाइन, **1930 –** साइबर अपराध हेल्पलाइन **102 –** स्वास्थ्य सेवा,
**108 –** एम्बुलेंस सेवा **1098 –** चाइल्ड हेल्पलाइन, **181 –** महिला हेल्पलाइन

इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और हर परिस्थिति में उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 18.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव व उ0नि0 नरोत्तम सिंह मय हमराह हे0कां0 मो0हक व कां0 लवकुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रामसजीवन पुत्र गौरी उम्र करीब 68 वर्ष निवासी ग्राम रैबारा खोढ़ा थाना कबरई जनपद महोबा सम्बन्धित मु0नं0 475/2008 अ0सं0324/2008 धारा 452/323/504/506 भादवि0 में मा0 न्यायालय सिविल जज जू0डि0/जे0एम0 मौदहा हमीरपुर द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रामसजीवन पुत्र गौरी उम्र करीब 68 वर्ष निवासी ग्राम रैबारा खोढ़ा थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव
2.उ0नि0 नरोत्तम सिंह
3.हे0कां0 मोहम्मद हक
4.कां0 लव कुमार



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-18.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित व0उ0नि0 मलखान सिंह मय हमराह कां0 धर्मेन्द्र कुमार व कां0 राहुल अग्निहोत्री के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त अभय सिंह पुत्र श्यामू सिंह निवासी मु0 सुभाष नगर थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुए कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 266/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह
2. कां0 धर्मेन्द्र कुमार 3. का0 राहुल अग्निहोत्री

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अभय सिंह पुत्र श्यामू सिंह निवासी मु0 सुभाष नगर थाना कबरई जनपद महोबा

### बरामदगी -

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 18.09.2025

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 17.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-99/2025 धारा 137(2)/64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त राजकुमार अनुरागी उर्फ राजाराम पुत्र सन्तोष अनुरागी उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम घटेरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को रिवई मोड़ प्रतीक्षालय के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1.प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ श्री विनोद कुमार
2.का0 अमित कुमार,
3.म0का0 राखी सिंह

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

राजकुमार अनुरागी उर्फ राजाराम पुत्र सन्तोष अनुरागी उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम घटेरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित 02 बाल अपचारी सहित कुल 05 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 18.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 152/2025 धारा 137(2)/108 बीएनएस से सम्बन्धित 05 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.बृजेश कुशवाहा पुत्र बालमुकुन्द उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बिजना थाना उल्दन जनपद झांसी 2.मुन्ना रैकवार पुत्र पुन्ना रैकवार उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम छितरवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा 3.श्रीमती राजकुंवर पत्नी मुन्ना रैकवार उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम छितरवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा व 02 नफर बाल अपचारी को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा

2.कां0 करमवीर यादव, 3.कां0 अमित कुमार, 4.म0कां0 राखी सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्तगण –

1.बृजेश कुशवाहा पुत्र बालमुकुन्द उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बिजना थाना उल्दन जनपद झांसी

2.मुन्ना रैकवार पुत्र पुन्ना रैकवार उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम छितरवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

3.श्रीमती राजकुंवर पत्नी मुन्ना रैकवार उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम छितरवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

4. 02 नफर बाल अपचारी



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता"

## सफाई अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन में शस्त्र हैंडलिंग व शस्त्रों की साफ-सफाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु आज दिनांक- 18.09.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में आर.आई. श्री शिवकुमार के निकट पर्यवेक्षण में शस्त्रों की साफ़-सफ़ाई एवं रख-रखाव का विशेष अभियान संचालित किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों द्वारा सक्रिय भागीदारी करते हुए शस्त्रों की तकनीकि जाँच, सफ़ाई तथा रख-रखाव सुनिश्चित किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य त्यौहारों के दौरान सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाना एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना है।

महोबा पुलिस पूर्णतः सजग एवं सतर्क रहते हुए जनपदवासियों की सुरक्षा के प्रति कृतसंकल्पित है तथा हर परिस्थिति में कानून-व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध है।







